## खबर संक्षेप

### भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर की प्रथम बैठक का आयोजन

**मैहर।** भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर की नवीन कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रथम बैठक का आयोजन सरस्वती विद्यालय सभागार में विभाग प्रमुख मगन लालबाल्मीकि कांधी लाल कोरी राष्ट्रीय महामंत्री बीड़ी मजदूर महासंघ कमल प्रसाद श्रीवास्तव विशेष सलाहकार के विशिष्ट अतीथ कैलाश कछवाह अध्यक्ष मनोज शुक्ला महामंत्री भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर की उपस्थिति आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अतिथियों द्वारा जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों का परिचय भारतीय मजदूर संघ के लक्ष्य उद्देश्य पर चर्चा के साथ-साथ विभिन्न आयामों के विस्तार कर मजदूर हितों कार्य योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। विभाग प्रमुख मगनलाल बाल्मीकि ने सभी नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी को नियुक्ति पद प्रदान करते हुए मजदूरों के हितों में मजदूर संघ के लक्ष्य और उद्देश्यों के आधार पर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कांधीकोरी कमल श्रीवास्तव द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मैहर जिले में मजदूर हित में किए जाने वाले कार्य एवं अपेक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### खेरवासानी में बन रही घटिया बाउंड्री वॉल जांच की मांग

**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर में आने वाले ग्राम पंचायतों में गुणवत्ताविहीन कार्य कराए जाने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जिला पंचायत के सीईओ एवं अधिकारीयों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिससे पंचायतों में भ्रष्टाचार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही कारनामा मैहर जनपद पचांयत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खेरवासानी में देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाए जा रहे है कि ग्राम पंचायत खेरवासानी जितने भी अभी तक कार्य कराए गए है अधिकांश घटिया ही पाए गए हैं। इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है कि ग्राम पंचायत खेरवासानी में विधायक निधि से बाउंड्रीवॉल निर्माण का कार्य चल रहा है जिसकी लागत अनुमानित 24 लाख बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है है कि इस बाउंड्री वॉल के निर्माण में डस्ट का उपयोग किया जा रहा है जिससे यह दीवाल कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। अतः ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सीईओं एवं विधायक मैहर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बन रही बाउंड्री वॉल के काम को रोक कर निरीक्षण कराने की मांग की है।

### आयुष्मान भारत योजना में बनवाए जा रहे है फर्जी कार्ड

**मैहर।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत फर्जी कार्ड बनवाकर इसका लाभ लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। यद्यपि इस सिलसिले में प्रदेश भर में जांच अभियान चल रहा है जिसमे बोगस कार्ड डिएक्टिव किए जा रहे हैं। बात यहां तक ही नहीं बल्कि कहीं कहीं अस्पताल की मिलीभगत से फर्जी कार्ड पर उपचार किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं लेना आज बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। 5 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार के लिए आवश्यक आयुष्मान कार्ड फर्जी तरीके से बनाने का खेल प्रदेश भर में चल रहा है। पात्रता लिस्ट और तमाम नियमों के बावजूद कॉमन सर्विस सेंटर वाले मनमानी रुपए लेकर अपात्रों के भी कार्ड धड़ल्ले से बना रहे हैं। इन फर्जी कार्डों के बनने से जिनकों वास्तव में जरूरत है उन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## तेज हवा के साथ बरसा पानी पेड़ गिरे; बिजली की तारें टूटीं

**कोटर-बिरसिंहपुर में 35 मिनट तक होती रही बारिश**

सतना

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच बुधवार को अचानक मौसम में बदलाव आया और जिले के कई इलाकों में जमकर बारिश हुई। हवा इतनी तेज थी कि कई पेड़ गिर गए और बिजली की तारें टूट गईं जिसकी वजह से घंटों बिजली भी गुल रही। बिरसिंहपुर और कोटर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ 35 मिनट तक मूसलाधार बारिश हुई। पानी गिरने से लोगों को गर्मी से थोड़ा राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अधिकतम तापमान 35.5 और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। इसी प्रकार बारिश 0.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है।





### कई जगहों पर पेड़ गिरे

तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं हुईं हैं। इससे कई जगहों पर बिजली की तारें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। जिसके कारण बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई थी। बिजली कंपनी के सूत्रों के मुताबिक अबेर, रजवार, कोटर, तिहाई, लखनवाह और बिरसिंहपुर इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। घटना के बाद बिजली कंपनी की मेंटिनेंस टीम लाइन की मरम्मत में जुट गई है।

### आने वाले दिनों में भी ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के सूत्रों ने शाम के वक्त बताया कि अगले तीन दिन भी ऐसी ही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है। बहरहाल किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। बारिश के बाद धूप निकलने से वातावरण में उमस बढ़ गई।

## जंगली इलाकों में पुलिस की सर्चिंग बढी,तेंदूपत्ता सीजन ने किया अलर्ट

### तेंदूपत्ता ठेकेदारों और गांव वालों को दिए गए हेल्पलाइन नंबर

सतना।



जंगली इलाकों में पुलिस की गश्त तेज हो गई है। तेंदूपत्ता तुड़ाई सीजन शुरू होते ही पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संदिग्ध बदमाशों की सक्रियता की खबरों के मद्देनजर सिंहपुर से धारकुंडी तक विशेष सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। मझगवां पुलिस ने सेहानाला,गौहानी,तुर्रा और पछीत में सर्चिंग की। यूपी बॉर्डर से लगे संवेदनशील क्षेत्रों में टीम ने ग्रामीणों,चरवाहों और तेंदूपत्ता श्रमिकों से संपर्क कर उन्हें आपातकालीन फोन नंबर दिए और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने को कहा।



### पन्ना,बांदा और चित्रकूट की पुलिस सतर्क

बरौंधा पुलिस ने पन्ना और बांदा बॉर्डर पर गश्त बढ़ा दी है। टीआई अभिनव सिंह की टीम वीरगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में रात्रि गश्त कर रही है। धारकुंडी टीआई शैलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बांका,पिपरावन और हर्दी क्षेत्र में विशेष जांच की। इसके साथ ही पन्ना,बांदा और चित्रकूट की पुलिस भी तराई क्षेत्र में सतर्क है। सभी पुलिस टीमें आपस में समन्वय बनाकर कार्रवाई कर रही हैं।

## मेयर और अध्यक्ष ने लॉटरी निकालकर बांटे 222 पीएम आवास



**सतना।** निगम के सभागार में बुधवार को महापौर योगेश कुमार ताम्रकार एवं ननि अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन द्वारा एएचपी घटक के पीएम आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया। नगर निगम द्वारा बनवाये गये 222 आवासों का आवंटन महापौर एवं नगर निगम अध्यक्ष ने बच्चों से हितग्राहियों के नाम की पर्चियां निकलवा कर किया। दिव्यांगों व वरिष्ठ जनों को मिले निचले खण्ड में घर आवास आवंटन प्रक्रिया में दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का विशेष ध्यान रखते हुये उनको नवनिर्मित आवासों के निचले खण्ड में आवास प्रदान किये गये। जिसकी वजह यह है कि दिव्यांग एवं वयोवृद्ध नागरिक दो मंजिला,तीन मंजिला की सीढियों पर चढ़ नहीं सकते। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आवासहीनों को पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिये पीएम आवास योजना लागू की गयी है। जिसके अंतर्गत गरीब, पिछड़े, दलित, सामान्य वर्ग के लोगों के साथ दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस योजना का क्रियान्वयन शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिकाओं,कस्बों में नगर पंचायत एवं ग्रामीण अंचलों में ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य आवासहीन सभी लोगों को सिर पर छत उपलब्ध कराना है। पीएम आवासों के आवंटन अवसर पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य आदित्य यादव,वार्ड 27 के पार्षद राजेश सूर्यवंशी,कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री रोजल प्रताप सिंह,उपयंत्री रविराज सिंह सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।



## मरे हुए उपभोक्ता के नाम पर बंट रहा राशन

### सरपंच ने सीपी ग्राम पोर्टल में दर्ज कराई शिकायत

**सतना।** रामपुर बघेलान में राशन वितरण व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। अकौना ग्राम पंचायत में 7 साल पहले सड़क हादसे में मृत बलवंत सिंह के नाम पर आज भी राशन बंट रहा है। सरपंच श्रद्धा सिंह ने सीपी ग्राम पोर्टल में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। राशन केंद्र के सेल्समैन शिवकुमार गौतम के मुताबिक,बलवंत सिंह के परिवार के 8 सदस्य समग्र आईडी में दर्ज हैं। कोई भी एक सदस्य फिंगरप्रिंट देकर राशन ले जाता है। 13 मई को प्रदीप सिंह ने इसी आईडी से राशन लिया।

### समग्र पोर्टल में एक को दिखाया मृत

दूसरी तरफ गांव के 62 वर्षीय आदिवासी शंकर को वर्ष 2017 में समग्र पोर्टल में रहस्यमय तरीके से मृत दिखा दिया गया। मृत घोषित होते ही उनका नाम पीडीएस पोर्टल की पात्रता सूची से भी हट गया और रियायती राशन मिलना बंद हो गया।सरपंच श्रद्धा सिंह और पंच पति अनुराग सिंह ने बताया कि ये मामला 6 महीने पहले उनके संज्ञान में आया,जिसके बाद उन्होंने सीपी ग्राम पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद कलेक्टर के आदेश से शंकर को सरकारी रिकॉर्ड में पुनर्जीवित किया गया। लेकिन इतना सब होने के बाद भी पिछले चार महीने से उन्हें सरकारी राशन नहीं मिल रहा है। डीएसओ सम्यक जैन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। अगर ऐसा है तो दोनों मामले गंभीर हैं। जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सुनिश्चित किया जाएगा की पात्र व्यक्ति को पीडीएस का लाभ मिले।



### निशुल्क दिया जाता है अनाज

गेहूं-चावल पीडीएस पोर्टल में एक साल से नई पात्रता पर्चियां नहीं बन रही हैं। नियम के मुताबिक और पीडीएस के तहत हर पात्र व्यक्ति को 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल निशुल्क दिया जाता है।

### संघ प्रमुख्य मोहन भागवत के आगमन की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**मैहर।** संघ प्रमुख मोहन भागवत के आगमन पर रेलवे स्टेशन व उनके रूट का भ्रमण किया गया एवं ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी को डेमो दिया गया। मौके पर एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल,एएसपी चंचल नागर,रेल्वे के अधिकारी,राजस्व अधिकारी,स्वास्थ्य विभाग,डॉग स्क्वायड,बम स्कॉट टीम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बड़ा अखाड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**मैहर।** पूज्य संत श्री अभिनंदन जी महाराज के द्वारा बड़ा अखाड़ा आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर पूज्य संत श्री अभिनंदन जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के संबंध में विस्तृत चर्चा कर सुंदरकांड पाठ के साथ कृष्ण जी की बाल लीलाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आयोजक नव प्रयाश मंच की पूरी टीम उपस्थित रही।

## कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि



**सतना।** आधुनिक भारत के निर्माता,पंचायती राज और कम्प्यूटर क्रांति के जनक,भारत रत्न,पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गाँधी की 34 वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी सतना द्वारा स्थानीय संतोषी चौक पर स्थित राजीव गाँधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर दिलीप मिश्रा, मकशूद अहमद,अजीत सिंह,उर्मिला त्रिपाठी,डा पी डी पटेल,अशोक चक्रवर्ती,नसीम अख्तर,जगदीश सेन,पियूष पटनहा,किशोर कुमार मलिक,बरवेन्द सिंह,शैलेंद्र तिवारी,मनोज कुशवाहा,राम बिहारी विश्वकर्मा,प्रमोद पटनहा,घनश्याम मघनानी,चन्द शेखर सोनी,संतोष द्विवेदी,विनोद द्विवेदी,सतेन्द्र निगम,विन्दू सिंह,सुनील गुप्ता,डा डी पी प्रजापति,दिलीप कुमार जैन,संजय तिवारी,विजय प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## निजी अस्पताल में मरे हुए व्यक्ति का आधे घंटे तक इलाज करता रहा सरकारी अस्पताल का डॉक्टर!!

**सतना।** अंतिम संस्कार के दौरान कई बार चिता में रखी लाश में जान आने की खबरें मिलती रहती हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि अंधविश्वास के चलते मरे हुए व्यक्ति का लोग जादू टोना के जरिए इलाज भी करवाते हैं। इस तरह की घटनाएं आज भी देखने और सुनने को कभी-कभी मिल जाती है। लेकिन जब एक डॉक्टर मरे हुए व्यक्ति का इलाज करें तो यह हैरत की बात है। ऐसा ही एक वाक्य मंगलवार की शाम 4 से 5 बजे के बीच शहरी क्षेत्र में घटित हुआ। अस्पताल प्राइवेट था और इलाज करने वाला डॉक्टर सरकारी! बहरहाल व्यक्ति मर चुका था उसके परिजन रोते भी विलखते हुए लाश को कार में लेकर गंतव्य की ओर रवाना हो गए।इधर डॉक्टर ने भी प्राइवेट अस्पताल में हाथ धोया अपना बैग लेकर रवानगी डाल दी। यह पूरा घटनाक्रम पुष्पराज कॉलोनी से लेकर सर्किट हाउस के आसपास का है। कोई 55 से 60 वर्ष के एक व्यक्ति को उसके परिजन लेकर सर्किट हाउस के पीछे संचालित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे थे। उस वक्त शाम के लगभग 4 बजे थे। अस्पताल में मौजूद सक्षम पैरा मेडिकल स्टाफ ने उस व्यक्ति का बीपी नापा और ईसीजी किया। दोनों रिपोर्ट संतोषजनक नहीं थी। परिजनों के बार-बार कहने के बाद भी पैरामेडिकल स्टाफ ने मरीज की अच्छी तरीके से जांच कर ली थी। रिपोर्ट में बताया जा रहा था कि मरीज की सांस थम चुकी है। इसी दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में पदस्थ एक चिकित्सक जिनका पुष्पराज कॉलोनी में एक निजी क्लीनिक है वह प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट बॉक्स से दवाइयां निकाल कर इलाज करना शुरू कर दिया। तभी प्राइवेट अस्पताल के सक्षम पैरामेडिकल स्टाफ ने उन्हें अवगत कराया कि लगभग सारी जांच की जा चुकी है स्थिति स्पष्ट है कि अब सांस नहीं बची है। सक्षम पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा बताए जाने के बाद भी चिकित्सक नहीं माने और लगातार इंजेक्शन देते रहे। उनके काम करने के तौर तरीके को परिजन भी देख रहे थे। आधे घंटे बाद डॉक्टर ने बता दिया कि अब सांस नहीं बची है। जबकि यह रिपोर्ट आधे घंटे पहले पैरामेडिकल स्टाफ ने डॉक्टर को ही दे दी थी। पैरामेडिकल स्टाफ की डॉक्टर के सामने क्या बकत वह कुछ नहीं बोले लेकिन डॉक्टर को लेकर पैरामेडिकल स्टाफ आपस में कानाफूसी करता रहा। सवाल यह उठता है कि आखिर डॉक्टर ने इस तरह इलाज का ढोंग क्यों किया? सवाल आज भी बड़ी शिद्दत के साथ मुंह उठाए घूम रहा है और डॉक्टर की साख पर भी सवाल उठ रहा है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देवेन्द्रनगर में

**देवेन्द्रगनर।** संघ लोक सेवा द्वारा आयोजित परीक्षा 2024 में मध्य प्रदेश से चयनित अभ्यार्थियों के सम्मान में तथा तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों से संवाद के लिए दिनांक 21/05/2025 को माननीय मुख्य मंत्री जी के मुख्य-आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्र नगर एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस परीक्षा में मध्यप्रदेश से 60 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सभी सफल अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया। माननीय उच्च शिक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस ऊंचाई पर पहुंचकर भी अपने जीवन में समाज के प्रारम्भिक सहयोग को हमेशा स्मरण रखना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य में चयनित अभ्यर्थियों को विक्रमादित्य एवं लोक माता अहिल्या बाई के जीवन प्रसंग के माध्यम से अपनी कार्यप्रणाली में सच्चरित्रता एवं निष्पक्षता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में दोनों महाविद्यालयों से समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस द्वारा शिक्षण संस्थाओं की बसों पर की गई कार्यवाही पैंतालीस हजार रुपया जुर्माना किया वसूल



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा यातायात नियमो के विरूद्ध संचालित स्कूल बस/शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध दिनांक 13.05.2025 से दिनांक 31.05.2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान के तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पु0) एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार,द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर विशेष अभियान अंतर्गत शहर के डायमण्ड चौराहा, सत्यम पैलेस, पन्ना छतरपुर वाईपास पर स्कूल बस, शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध विशेष चौकिंग की जाकर 66 बसे नियम विरूद्ध पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए पैंतालीस हजार रूपये जुर्माना बसूल किया गया एंव वाहन चौकिंग के दौरान नियमो का उल्लघंन करने वाले 12 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही कर 3100 रूपये जुर्माना बसूला गया।

### समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत होने पर ही वेतन होगा मंजूर

**पन्ना।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की एम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है, जिसमें समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा द्वारा एम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। समग्र आईडी अपडेशन का कार्य 25 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। शासन के निर्देशों के अनुसार आईएफएमआईएस पोर्टल पर समग्र आईडी सत्यापन कुल कर्मचारियों का 90 प्रतिशत होने पर ही कोषालय से वेतन मंजूर होगा। अभी जिले के 21 आहरण संवितरण अधिकारियों का समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत से कम है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि सभी शासकीय कर्मचारी एम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी कर्मचारियों की एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

# सलेहा में हुई तेज बारिश, समर्थन मूल्य पर खरीदी का मंडी में हजारों कुंटल गेहूं भीगा

### गेहूं का परिवहन होने से किसानों की राशि अटकी

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

**जिले के सलेहा मंडी में समर्थन मूल्य खरीदी के दो केंद्र बनाए गये थे पटना तमोली एवं सलेहा दोनों केंद्रों का मंडी प्रांगण में तुला गेहूं खुले आसमान में पड़ा है**





20 मई को भीषड़ बारिश से कुटंलों गेहूं पानी की तेज धार में बह गया। गेहूं से भरी बोरियां भींग गई पटना तमोली केंद्र का 13 हजार कुंटल सलेहा केंद्र का 4 हजार क्विंटल माल परिवाहन नहीं हुआ है। जो मंडी प्रांगण में खुले आसमान में पड़ा है।

#### माल परिवाहन नहीं होने से किसान परेशान

गेहूं परिवाहन नहीं होने से पटना तमोली केंद्र के 241 किसान सलेहा केंद्र के 50 किसानों की राशि नहीं आई। जिससे किसानों के परिवार की शादी विवाह एवं विभिन्न जरूरतों में ब्यावधान पहुच गया है किसानों की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही है किसानों की मसीहा बताने वाली सरकार किसानों की जरूरतों पर गौर नहीं फ़रमा रही है तभी तो किसान राशि के इंतजार में परेशान जिला खाद आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र खवारिया तथा नान अधिकारी आरके डहरिया की मनमानी के चलते यह स्थिति बनीं हुईं हैं जिला कलेक्टर को इन दोनो पर करवाही करना चाहिए।

## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन में समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां व शिक्षा को लेकर तैयारियों को समझा





हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

पीएम श्री स्कूल कुंज वन में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का बुधवार को हुआ समापन प्राचार्य श्री सुनील कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चे सीखें सृजन करें एवं समाज से जुड़े के विभिन्न आयाम जैसे 21वीं सदी विभिन्न कौशलों यथा आपसी सहयोग, टीमवर्क, समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य, तार्किकता, नेतृत्व, सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता ,डिजिटल कंप्यूटर और वित्तीय साक्षरता अंग्रेजी भाषा बोलने की क्षमता विकसित करना रचनात्मक संगीत ,नृत्य स्थानीय शिल्प व योग, खेल एवं नागरिक अधिकारों से परिचित कराने के लिए विभिन्न थीम्स अंतर्गत 1 मई 2025 से 21 मई 2025 तक विद्यालय स्तर पर इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 56 बच्चों ने अपनी सहभागिता प्रदान की और खेल, पेंटिंग, रंगोली ,डिजिटल कंप्यूटर शिक्षा, समस्या समाधान, भाषा कौशल, भाषण कला, गीत, संगीत तथा टीमवर्क जैसे विषयों में भाग लिया और प्रशंसनीय प्रदर्शन कियास जिसमें विद्यालय के शिक्षक और अतिथि विद्वानों ने मेंटर्स के रूप में बच्चों का मार्गदर्शन किया आज समापन अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समस्त बच्चों की प्रतिभाओं को देखा गया और परखा गया जिसमें रचनात्मकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी कार्यक्रम में शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था कार्यक्रम में विद्यार्थियों पलक गण शिक्षक जन शिक्षक मौजूद रहे सभी ने शिविर को सफल बताया कार्यक्रम की समाप्ति पर स्वल्पाहार का आयोजन किया गया और अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों व पालकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया

## ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर समय-समय पर लगाये जाते है, समस्या निवारण को लेकर फिर भी सचिव-पटवारी के कार्यों को लेकर आम जनता आज भी परेशान



**पन्ना।** आखिर जमीनी स्तर पर आम आदमी को सबसे ज्यादा परेशानी राजस्व विभाग की पटवारी वहीं पंचायत की योजनाओं से संबंधित सचिव को लेकर समस्यायें बनी रहती है। आखिर समय-समय पर पंचायतों में समस्या निवारण शिविर भी लगाये जाते है। पर आज भी हालात परेशानी को लेकर सचिव व पटवारी से प्रमुख मानी जाती है। आखिर कब जिम्मेदारी के साथ पटवारी व सचिव निभायें दायित्व। जिले में कहने तो सुशासन की राह तय करने के लिए सरकार की मंशा आम आदमी की समस्याओं के निदान के लिए पंचायत स्तर तक शिविर लगाकर कार्य किये गये। वहीं जनसुनवाई व सीएम हेल्पलाईन जैसे योजनाओं के माध्यम से समस्याओं का निदान करने के लिए तत्परता दिखाई जा रही है। पर पंचायत स्तर पर जमीनी हालात आज भी सचिव-पटवारी से ज्यादातर आम आदमी की परेशानियां बनी हुई है। कहीं सीमांकन तो कहीं तरमीम तो कहीं बटवारा को लेकर जमीनी विवाद जन्म लेते है। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ लेने को लेकर पंचायत में सबसे पहली कड़ी सचिव माना जाता है। पंचायत कार्यालय ही प्रतिदिन संचालित नहीं होते जिससे चलते आम आदमी आज भी सचिव को लेकर परेशान रहते है भले ही हर पंचायत में रोजगार सहायक की नियुक्ति की गई ताकि पंचायत कार्यालय का संचालन हो सके। फिर भी हालात जस के तस सचिव गायब रहते है रोजगार सहायक सचिव जैसे हालात में हो गये पंचायत में ताला नजर आते है। मात्र मंगलवार को जरूर पंचायत कार्यालय जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच जहां जनसुनवाई हर पंचायत में सुने जाने को लेकर जो पहल की गई है उस पर जरूर कुछ अमल होने लगा पर हालात वही पंचायत स्तर में जो कर्मचारियों को जनसुनवाई में पहुंचना चाहिए उनकी औपचारिकता हो गई। उपस्थिति को लेकर इन हालातों के चलते पंचायतों में जनसुनवाई भी अब कारगर नहीं बची। तभी तो सचिव-पटवारी से संबंधित समस्यायें हर जगह आम हो चुकी है। आखिर कैसे सुशासन की राह तय हो सकेगी। सरकार की मंशा आम आदमी को पंचायत स्तर पर समस्याओं के निदान को लेकर जो पहल की जा रही है वह कहीं न कहीं औपचारिकता ही साबित होगी। जब पंचायतें ही अन्य कार्यालयों की तर्ज पर नहीं खुलती तो कैसे आम आदमी गांव में पंचायत में पहुंचकर अपनी समस्या का निदान कर सके। जरूरत है एक बार फिर जिला प्रशासन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर पंचायतों पर पहुंचे। प्रतिदिन कार्यालय खुले सचिव व रोजगार सहायक की जिम्मेदारियां निहित हो। साथ ही पटवारी अपने हल्के में कितने दिन रहते है आखिरकार यह भी किसानों की समस्याओं की निदान के लिए आवश्यक हो गया है। देखना यह है कि क्या आम आदमी की समस्याओं को ध्यान में रखकर पंचायत स्तर में सचिव व पटवारी का समय उपस्थिति सप्ताह में सुनिश्चित हो सकेगी। ताकि लोगों की समस्याओं का निदान पंचायत स्तर पर संभव हो सके।



## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं-कमिश्नर

### शासकीय परिसंपत्तियां अनिवार्यतः राजस्व पंजी में दर्ज हों

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लंबित निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण होना चाहिए तथा सड़कों का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता अथवा गतिरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्यों और सड़कों के निर्माण में उदासीनता बरतने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही भी करें। कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने यह निर्देश गत सोमवार को निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सागर संभाग में बनाए जा रहे सड़कों की भी कमिश्नर द्वारा समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने बारना से अमानगंज एवं बारना से केन नदी के मध्य बनने वाले मार्ग सहित अन्य सड़कों तथा निर्माणाधीन बायपास के प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि उक्त मार्गों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में सागर संभाग के मुख्य मार्गों पर सेतु निर्माण कार्य की भी समीक्षा की तथा सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेतु निर्माण के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें तथा सेतु निर्माण के कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में लंबित जल परियोजनाओं व नहरों का कार्य भी समय सीमा में पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने निर्माण विभागों से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागों द्वारा जो भी जल संरचनाएं, सड़कें, नहरें, भवन, नल-जल योजनाएं बनाई जा रही हैं, उन सभी संरचनाओं को राजस्व पंजी में प्राथमिकता के साथ दर्ज कराएं। कमिश्नर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग पीआईयू, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

## पन्ना सुपर लीग मैच में खिलाडियों को वैष्णव माता महाविद्यालय द्वारा किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



नगर के इंद्रपुरी कालोनी स्थित नगर सेना ग्राउण्ड में चल रहे पन्ना सुपर लीग क्रिकेट नाईट टूर्नामेण्ट में दिनांक 20 मई 2025 को आयोजित दो मैच पन्ना टाइटन व पन्ना कैपिटल तथा रॉयल चौलेजर पन्ना व पन्ना रायल के बीच खेले गए। पहले मैच में पन्ना टाइटन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में 164 रनों का लक्ष्य खडा किया। जिसमें शानू खरे द्वारा शतकीय पारी खेलते हुए शानदान प्रदर्शन किया गया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पन्ना कैपिटल टीम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकी और मैच हार गई। वहीं दूसरा मैच पन्ना रायल व रायल चौलेंजर पन्ना के बीच हुआ जिसमें पन्ना रायल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 11.2 ओवर में 84 रन ही बना सकी। जिसमें राजू मलिक ने 28 रन की पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायल चौलेंजर पन्ना ने 8.2 ओव्हर में 86 रन बनाकर मैच अपने हिस्से में कर लिया। जिसमें ओपनर बल्लेबाज अब्दुल शमी बाबू ने 24 गेंदों पर 57 रनों की नाबाद पारी खेली।

मैच के अंत में टीम व खिलाडियों को पुरूस्कार वितरण वैष्णव माता महाविद्यालय व वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के संचालक अंकुर त्रिवेदी की उपस्थिति में प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय द्वारा दिया गया। प्राचार्य श्री पाण्डेय द्वारा शानू खरे व गोलू शर्मा को बेहतर बैटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच, घनश्याम पटेल ने तीन ओवर में पांच विकेट लिए जिसे बेस्ट बॉलर के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने स्वा राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई



**अमान गज पन्ना** आज दिनांक 21मई 2025 को प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के दिशा निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के तत्वाधान में कामताना मंडलम के जिजगाव ग्राम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के कार्यवाहक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जवाहर पटेल की अध्यक्षता में आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई उपस्थित सभी कांग्रेस ने श्रद्धा पूर्वक तिलक रोड़ी लगाकर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किये कार्यवाहक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जवाहर पटेल ने अपने उद्बोधन मैं राजीव गांधी जी द्वारा किए गए कार्यों उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला कहा कि श्री राजीव गांधी जी ने कंप्यूटर और आईटी की क्रांति की शुरुआत की एवं संचार क्रांति के क्षेत्र में गांव गांव तक टेलीकॉम सुविधा उपलब्ध कराई 18 वर्ष में युवाओं को मताधिकार दिलाया तथा पंचायती राज को संवैधानिक ताकत दिलाई शिक्षा और विज्ञान को नई दिशा दी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से मुन्नीलाल चौधरी टीकाराम पटेल प्रदीप पटेल चुरामन पटेल गलीराम पटेल लोकेंद्र पटेल नागेंद्र पटेल विकास पटेल छोटू पटेल निर्भय चौधरी प्रिंस सेन छोटे पटेल अच्छे लाल चौधरीआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे है

## जिला अस्पताल के कर्मचारी विनय कुशवाहा ने खून दान करके जच्चा और बच्चा को दिया नया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अस्पताल में इस समय बी पॉजिटिव खून का भारी अभाव बना हुआ है। जिसके कारण खून के लिए कई परिवार दर-दर भटक रहे हैं। ऐसा ही मामला गत दिनांक 18 मई 2025 को सामने आया है। जब सुबह से अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी आदिवासी परिवार देवका पति कालकादीन आदिवासी उम्र 20 वर्ष के परिजन खून के लिए दर-दर भटक रहे थे। तभी रात्रि के लगभग 12रू30 बजे वैवाहिक कार्यक्रम से घर की ओर लौट रहे समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी की नजर उस परिवार पर पड़ी और उनसे उनका हाल-चाल पूछा। जिसके बाद उन्होंने बताया कि वह सुबह से ही बी पॉजिटिव खून के लिए भटक रहे हैं मगर ब्लड बैंक में खून उपलब्ध न होने के कारण महिला को खून नहीं उपलब्ध हो पा रहा है। जिससे नवजात बच्चे एवं उनकी मां के जीवन को खतरा बना हुआ है। जैसे ही समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने उनकी समस्या को जाना तभी पटेल चाय की दुकान पर जिला अस्पताल में कई वर्ष पुराने कर्मचारी युवा विनय कुशवाहा चाय पीने के लिए आए हुए थे। जिनको आदिवासी परिवार के संबंध में जानकारी दी गई। जैसे ही विनय कुशवाहा ने जच्चा और बच्चा के जीवन के विषय में सुना उन्होंने बिना कोई विलंब किए स्वयं स्वेच्छा से पीड़ति परिवार को खून देने की सहमत प्रदान की और वह तत्काल ही जिला अस्पताल पन्ना के ब्लड बैंक पहुंचे और पीड़ित महिला के लिए उन्होंने स्वेच्छा से आज छठवीं बार खून दान किया है। इसके उपरांत महिला के पति कालकादीन आदिवासी को रक्तदान के संबंध में जागरूक किया गया और उन्होंने भी ब्लड बैंक के लिए स्वेच्छा से एक यूनिट खून दान किया तथा कहा कि यदि बी पॉजिटिव खून आ जाए तो उनकी पत्नी को दे दियाइ जाए। रक्तदान के इस पुनीत कार्य में विनय कुशवाहा एवं समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी, भोले पटेल आकाश पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग मामलों में जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत

छतरपुर। बुधवार को छतरपुर जिला अस्पताल में आत्मघाती कदम उठाए जाने के दो मामले सामने आए हैं। दोनों घटनाएं जिले के अलग-अलग इलाकों की हैं, जिनमें एक विवाहित महिला और एक नाबालिग लड़के की मौत हुई है। मृतकों ने मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद के चलते आत्मघाती कदम उठाए हैं।

### मानसिक तनाव से ग्रसित महिला ने खाया जहर

**नौगाँव** के वार्ड नंबर 16 निवासी 30 वर्षीय मिनी तिवारी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतिका के पिता जगदीश तिवारी का आरोप है कि ससुराल वालों की उपेक्षा के कारण मिनी डिप्रेशन में थी। मिनी का विवाह ग्राम पुतरया निवासी आनंद रिछारिया से हुआ था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ससुराल वालों ने उसे रखने से इनकार कर दिया। वह अपने मायके में रह रही थी और मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पिता की डांट से आहत नाबालिग लड़के की मौत

**गंगवाहा** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगवाहा निवासी 14 वर्षीय रामनारायण कुशवाहा ने पिता की डांट से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। रामनारायण रोजाना रात में दोस्तों के साथ गांव में बैठा रहता था। 13 मई को देर रात घर लौटने पर पिता राजू कुशवाहा ने उसे डांटा, जिसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 20 मई की रात उसकी मौत हो गई।

### घायल बुजुर्ग की अचानक हुई मौत



**छतरपुर।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरों में बीती रात एक बुजुर्ग के छत से गिरने के बाद अंदरूनी चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामूली चोट समझकर इलाज नहीं कराया, जिसके बाद सुबह उनकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। बताया गया है कि उत्तरप्रदेश के मथुरा के रहने वाले 77 वर्षीय कैलाश नाथ चतुर्वेदी खैरों में रिश्तेदार के घर आए थे। बीती रात वे छत से गिर गए, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं। परिजनों ने इसे गंभीर नहीं माना, लेकिन सुबह उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और घर पर ही उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मातगुवां थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को जिला अस्पताल भेजा। बुधवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### विधायक ने खजुराहो में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण




**खजुराहो।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद पटैरिया ने आज खजुराहो के बस्ती चौराहा के निकट स्थित तालाब के सौंदर्यकरण और निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) बसंत चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहे। विधायक पटैरिया ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देते हुए ठेकेदारों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि खजुराहो जैसे विश्व धरोहर स्थल पर तालाब का सौंदर्यकरण न केवल स्थानीय निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण किया जाए। इस सौंदर्यकरण परियोजना का उद्देश्य तालाब को पर्यावरणीय और सौंदर्य की दृष्टि से बेहतर बनाना है, ताकि यह क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण में भी योगदान दे सके। विधायक ने स्थानीय लोगों की सुविधाओं और पर्यटकों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए तालाब के आसपास स्वच्छता, हरियाली और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर बल दिया। विधायक ने बताया कि तालाब के सौंदर्यकरण कार्य में तेजी लाई जा रही है और विधायक के निर्देशानुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय निवासियों से भी इस परियोजना के प्रति सहयोग और जागरूकता बनाए रखने की अपील की।

# जिले का प्रभारी कृषि विभाग का मंत्री है फिर भी डॉ. सूत्रकार का भ्रष्टाचार सिर चढ़ के बोल रहा, लाखों के बजट को लगाया ठिकाने

**भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर पर्दा डालने अपीलीय आदेशों को ठुकरा रहे परियोजना संचालक आत्मा डॉ. सूत्रकार**

**भ्रष्टाचार में कई बार निलबिंत हो चुके डॉ. सूत्रकार ने निजी स्वार्थ के चलते अग्रिहोत्री फार्म हाउस में किसान मेला की आड़ में कराया था होली मिलन कार्यक्रम**







हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

कृषि विभाग में डॉक्टर बीपी सूत्रकार नाम का मोहताज नहीं है, शुरू से ही इसके भ्रष्टाचार, गबन जैसे संगीन मामले सिर चढ़कर बोल रहे हैं। भूमि संरक्षण अधिकारी रहते हुए पूर्व में भी बक्सवाहा, बड़ामलहरा, बिजावर और भी कई जगह बलराम तालाब के नाम पर लाखों करोड़ों का किया था भ्रष्टाचार।

यह भ्रष्टाचार जांच में सिद्ध होने के बाद डॉक्टर बीपी सूत्रकार को किया गया था निलंबित। उपसंचालक कृषि का प्रभारी बनने के दौरान भ्रष्ट डॉक्टर बीपी सूत्रकार द्वारा खाद्य वितरण, बीज वितरण में कमीशन खोरी कर समिति विशेष को बीज सप्लाई आदेश दिए गए। मिट्टी परीक्षण/नमूने जिले में घोर लापरवाही के कारण किसानों को फसलों का अपेक्षित उत्पादन नहीं मिल सका। तथा उनके कार्यकाल में कृषि योजना अधिकांश किसानों की पहुंच से दूर बनी रही। प्रभारी उपसंचालक डॉक्टर सूत्रकार के रहते विभागीय योजनाएं जमीनी स्तर पर नहीं बल्कि कागजो में उतार दिया, और लाखों करोड़ों के बजट को ठिकाने लगा दिया गया। इन सभी के चलते सूत्रकार को सागर कमिश्नर ने निलंबित किया था। और कुछ दिनों के बाद परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार देकर उपकृत कमिश्नर सागर द्वारा किया गया था। कमिश्नर सागर द्वारा यह उपकार करना जिले के आला अधिकारियों के समझ के परे था, जिसमें कहीं-कहीं सुविधा शुल्क की बू आने कि चर्चा होना उस समय भिभाग में शुरू हो गई थी। किसी ब्राह्मण व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने शासन के नियमों को ताक पर रखकर पद एवं अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए अग्निहोत्री फार्म हाउस (निजी फार्म हाउस ) पर किसान मेला की खानापूर्ति कर शासन से प्राप्त राशि को ठिकाने लगाया गया। अग्निहोत्री फार्म हाउस व्यक्ति विशेष को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय मेले को फार्म हाउस की चार दीवारों में आयोजित कर अवैध लाभार्जन स्वयं किया गया एवं वही फार्म हाउस के संचालक को राजनीतिक मंच एवं निजी स्वार्थ को पूरा करने मेले का सांग रचाया गया। जिसमें मात्र निजी फार्म हाउस संचालक से जुड़े व उनके कुछ करीबियों के कर्ताधर्ताओं ने ऐसे लोगों को बुलाकर मेले का आनंद उठाने का अवसर दिया, जिनका खेती किसानी से दूर-दूर तक नाता नहीं था। डॉक्टर बीपी स्थानीय रहने वाला है इसका ना कभी ऑफिस जाने का समय रहता है, और ना आने का। कभी भी कैमरे चेक करवा कर देखा जा सकता है। सरकार से लाखों रुपए की वेतन मिलने के बाद भी विभाग को पैर की जूती दिखा रहा है।सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यह है कि जिले का प्रभारी मंत्री कृषि मंत्री है। उसके बाद भी कृषि अधिकारियों और डॉक्टर सूत्रकार द्वारा खुलेआम मनमानी, भ्रष्टाचार कर किसानों को योजनाओं से वंचित किया जा रहा। लाखों करोड़ों का भ्रष्टाचार, उसके बाद भी कार्यवाही करने को लेकर कलेक्टर छतरपुर के हाथ पैर फूल रहे।

### डॉक्टर सूत्रकार भ्रष्टाचार उजागर होने के डर से अपीलीय आदेशों को ठुकरा रहे, नहीं दे रहे जानकारी

शुरू से भ्रष्टाचार घोटालों के लिए चर्चित रहे डॉ. बी.पी.सूत्रकार को अब कानून एवं शासन के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। इसलिए बह शासन के अपीलीय आदेशों को ठुकरा रहें है। ताकि उनके भ्रष्टाचार की पोल न खुल सकें। चूकि डॉ. सूत्रकार ने उपसंचालक कृषि और परियोजना संचालक आत्मा के पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी है। इसलिए वह चाहते है कि सूचना के अधिकार के तहत किसी भी प्रकार की जानकारी आवेदक को न देना पडे। यही कारण हैं कि अपीलीय आदेश होने के बाद भी जानकारी नहीं दी जा रही है। अपिलीय आदेश की जानकारी को प्राप्त कर डॉ. सूत्रकार के भ्रष्टाचार को सार्वजनिक करने हेतु राज्य सूचना आयोग में अब अपील लंबित पड़ी हुई हैं। राज्य सूचना आयोग द्वारा अपील पर सुनवाई करने के लिए 27 जनवरी 2025 को डॉ. सूत्रकार को पेश होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन डॉ. सूत्रकार इस संबंध में अपना पक्ष रखनें में अस्मर्थ दिखे और इसलिए उन्हौने फर्जी तौर पर किसी बैठक में शामिल होने की जानकारी भेज दी, ताकि राज्य सूचना आयोग की लताड़ से बच सकें और जानकारी न देना पड़े। इसलिए वह कानून और शासन के नियमों की परवाह न करते हुए उनकी धज्जियां उडा रहें है।

### इनका कहना है

मुझे आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है, यह बहुत गंभीर विषय है, मैं विभाग को कार्यवाही के लिए बोलता हूं, और 26 तारीख को छतरपुर भी आना है।

**इदल सिंह कंषाना**
**प्रभारी मंत्री छतरपुर एवं कृषि मंत्री मध्य प्रदेश शासन**

# जर्जर रसोईघर में खतरे के बीच बन रहा बच्चों का खाना



ईशानगर।

कस्बे के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के जर्जर रसोईघर में 110 बच्चों के लिए खाना बन रहा है। बुधवार को लेंटर का टुकड़ा गिरने से खाना पकाने वाली रसोइया के बाल-बाल बचने की खबर सामने आई है। समूह अध्यक्ष ने जर्जर भवन की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई न होने कारण किसी दिन बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताकि शासकीय माध्यमिक विद्यालय, ईशानगर का रसोईघर पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बीते रोज रसोईघर के लेंटर का एक बड़ा टुकड़ा अचानक गिर गया, जिससे रसोइया श्रीमती पुष्पा साहू, बैनी रैकवार और संजू रैकवार बाल-बाल बचीं। समूह अध्यक्ष श्रीमती ममता नामदेव ने बताया कि उन्होंने प्राचार्य जे.पी. चौरसिया और शिक्षक बलवीर सिंह भदौरिया सहित वरिष्ठ अधिकारियों को जर्जर भवन की स्थिति की मौखिक शिकायत की थी, लेकिन न तो भवन को हटाया गया और न ही रसोई को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। उन्होंने कहा कि इस जर्जर रसोईघर में खाना बनाना रसोइयों और बच्चों की जान के लिए खतरा है।

# भुसौर बफर जोन में सागौन के वृक्षों की हो रही कटाई



बमीठा।

पन्ना टाइगर रिजर्व के भुसौर बफर जोन में सागौन के हरे पेड़ों की अवैध कटाई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि वन माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर सागौन के बेशकीमती पेड़ काटे जा रहे हैं, और इस गैरकानूनी कार्य में स्थानीय वन अधिकारियों और कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त है। चंद्रनगर रेंज के अंतर्गत हो रही इस अंधाधुंध कटाई से जंगल का एक बड़ा हिस्सा मैदान में तब्दील होता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वन माफिया और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से सागौन के पेड़ों की तस्करी जोरों पर है। यदि समय रहते वरिष्ठ अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो बफर जोन के जंगलों से सागौन के पेड़ पूरी तरह खत्म हो सकते हैं। पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे, तो जंगल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की जा रही है कि इस अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# लुटेरों की मोटर साईकिल लेकर एसपी के पास पहुंचा पीड़ित...!



### चंदला पुलिस पर लगाए निष्क्रियता के आरोप, ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बलकौरा निवासी रविन्द्र नारायण शुक्ला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर चंदला पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप लगाए हैं। रविन्द्र ने बताया कि गत 19 मई 2025 की रात को उसके साथ पांच लोगों ने लूट की थी और विरोध किए जाने पर लुटेरे अपनी बाईक छोड़कर भाग गए थे। रविन्द्र लुटेरों की बाईक लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा था, जहां उसने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रविन्द्र के अनुसार, 19 मई को वह अपनी मोटरसाईकिल ठीक कराने अपने ग्राम बलकौरा से चंदला गया था। गांव के राजा अहिरवार के साथ जब वह वापिस गांव लौट रहा था तभी दो बाईकों पर सवार 5 लुटेरों ने शिवा होटल के पास से उनका पीछा शुरू किया और ग्राम जमरा में ओवरटेक करके रोक लिया। रविन्द्र के मुताबिक एक आरोपी करन श्रीवास ने उसे कट्टा दिखाया, जबकि अन्य ने डंडे से उस पर प्रहार किए। रविन्द्र और राजा के चिल्लाने पर गाँव वाले दौड़े, जिसके बाद लुटेरे अपनी एक मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए। रविन्द्र ने बताया कि घटना के बाद उसने तुरंत 100 नंबर डायल किया, लेकिन पुलिस नहीं पहुँची। अगले दिन चंदला थाने में शिकायत दर्ज कराई, जहाँ मेडिकल जांच तो कराई गई, लेकिन न तो प्राथमिकी दर्ज की गई और न ही लुटेरों की मोटरसाइकिल की जप्ती की गई। निराश होकर रविन्द्र ने स्वयं मोटरसाइकिल को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई व मोटरसाइकिल की जप्ती के लिए चंदला थाना पुलिस को निर्देश देने की मांग की।

# ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने आयोजित किया तीन दिवसीय समर कैंप



लवकुशनगर।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चंदला उप सेवा केंद्र में 20 से 22 मई तक आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ ओम ध्वनि, केक कटिंग और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में चंदला उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी, प्रीति बहन, लॉ कॉलेज प्रिंसिपल विभा त्रिपाठी, नगर परिषद सीएमओ महादेव अवस्थी, कपड़ा व्यापारी महेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अरुण पटेल, लता रैकवार, रितु सिंह सहित ब्रह्माकुमारीज के अन्य भाई-बहन और 50 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप में बच्चों को नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के साथ-साथ ज्ञानवर्धक खेल, योग और प्राणायाम सिखाए जा रहे हैं। कहानी प्रतियोगिताओं और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाएं उभर रही हैं, जिससे उनके जीवन में उत्साह और खुशी का संचार हो रहा है। उप सेवा केंद्र प्रभारी बहन सुलेखा और बहन उषा ने तिलक, बैज और आईडी पहनाकर मेहमानों और बच्चों का स्वागत किया। मानसी बहन के स्वागत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। ब्रह्माकुमारी भारती दीदी ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों को सिखाया कि जीवन में कभी उदास नहीं होना चाहिए और निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। बहन प्रीति ने एकाग्रता की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, एकाग्र मन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। बहन सुलेखा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, आज बच्चे अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, जिससे उनकी एकाग्रता और आत्मबल कमजोर हो रहा है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे बच्चों को समय दें और अच्छे संस्कारों के साथ उनके भविष्य को संवारें। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रसाद वितरण के साथ समर कैंप का पहला दिन समाप्त हुआ।

# एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने सीएसआर के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर लगाया आरओ वाटर कूलर




हरिभूमि न्यूज, सिंगरौली

बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधिचुआ परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर 100 एलपीएच क्षमता का आरओ वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ) श्री विनोद कुमार सिंह, परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं स्टेशन सुपरिटेंडेंट तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने एवं गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में समग्र कल्याण हेतु सीएसआर के तहत ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेटिसशिप ड्राईव 27 मई को

**सिंगरौली 21 मई 2025/** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचौर बैढ़न के द्वारा इस आशय की जानकारी दी गई है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय अप्रेटिसशिप ड्राईव का आयोजन 27 मई को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त ड्राईव में हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनूसागर के द्वारा आईटीआई फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मकैनिकल बोइलर अवसर दिया जायेगा। प्रचार्य ने बताया कि अप्रेटिसशिप ड्राईव में भाग लेने वाले अभ्यर्थियो को सालाना 1 लाख 5 हजार का स्टाईपेंड दिया जायेगा। अभ्यर्थी की हाईट 5.6 फिट वजन 55 किलोग्राम से अधिक होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने ओरिजनल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा के साथ उक्त ड्राईव में भाग ले सकते है।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेटिसशिप ड्राईव 27 मई कोसिंगरौली 21 मई 2025/ प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचौर बैढ़न के द्वारा इस आशय की जानकारी दी गई है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय अप्रेटिसशिप ड्राईव का आयोजन 27 मई को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त ड्राईव में हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनूसागर के द्वारा आईटीआई फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मकैनिकल बोइलर अवसर दिया जायेगा। प्रचार्य ने बताया कि अप्रेटिसशिप ड्राईव में भाग लेने वाले अभ्यर्थियो को सालाना 1 लाख 5 हजार का स्टाईपेंड दिया जायेगा। अभ्यर्थी की हाईट 5.6 फिट वजन 55 किलोग्राम से अधिक होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने ओरिजनल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा के साथ उक्त ड्राईव में भाग ले सकते है।

# महिला बोली- भतीजे ने आधी रात को घर में घुसकर की चोरी



हरिभूमि न्यूज, छतरपुर

जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमखेरा की एक महिला ने बताया कि गत 18 मई की रात को उसके भतीजे ने घर में घुसकर चोरी कर ली थी। शिकायत के बावजूद ईशानगर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

आवेद देने आई शीला यादव ने बताया कि 18 मई की रात करीब 2 बजे उनके भतीजे धीरू यादव ने उनके घर में घुसकर ढाई लाख रुपये के जेवर और एक मोबाइल चुरा लिया था। शीला ने धीरू को चोरी करते पकडने की कोशिश की, लेकिन वह उसे पैर पर मारकर फरार हो गया। शीला के मुताबिक उसने ईशानगर थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कथित तौर पर आरोपी के प्रभाव में आकर कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को शीला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर धीरू के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कराने, उसे गिरफ्तार करने और चोरी गया सामान वापस दिलाने की मांग की है।

## रीवा- सिरमौर मार्ग में पल्हाल के पास हुआ हादसा

# बारातियों से भरी बोलेरो को पिकअप ने मारी टक्कर, आधा दर्जन से अधिक घायल

रीवा।



जिले के सिरमौर मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारातियों से भरी बोलेरो और एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा पल्हान टोल प्लाजा के पास रात करीब 10 बजे हुआ, जिसमें 12 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें 6 की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो वाहन में बारातियों का एक दर्जन लोग सवार थे और वह रीवा की ओर लौट रहे थे, वहीं, पिकअप वाहन चितरंगी से डभौरा की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी और एक मोड़ पर नियंत्रण खोने से टक्कर हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बैकुंठपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो का चालक प्रवेश कुशवाहा स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया था, जिसे बाहर निकालने के लिए पुलिस व स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। बता दे घटना की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना प्रभारी आर.एस. बागरी, एसआई कल्लू रावत और आरक्षक दल मौके पर पहुंचा। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सिरमौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से कई को सिर, हाथ-पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद कुछ को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।बॉक्स स्थानीय लोगों ने दिखाई मानवताहादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे और घायल लोगों को बाहर निकालने व अस्पताल पहुंचाने में पुलिस की भरपूर मदद की। स्थानीय प्रशासन ने भी तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उपचार सुनिश्चित किया।

# कमिश्नर ने समन्वित खेती करने वाले किसानों के प्रयासों का लिया जायजा, खेती के साथ पशुपालन

### उद्यानिकी और मछलीपालन से ही बढ़ेगी किसानों की आय



**रीवा।** रीवा जिले के कई किसान आधुनिक तरीके से समन्वित खेती के सफल प्रयोग कर रहे हैं। सीमित क्षेत्र में खेती, पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरी पालन और मछलीपालन की इकाईयाँ स्थापित करके समन्वित खेती के सपने को साकार कर रहे हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कई गांवों का भ्रमण करके किसानों द्वारा समन्वित खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। कमिश्नर ने ग्राम अमवा, बहुरीबांध तथा कंजी में खेतों जाकर किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। कमिश्नर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी खेती को बेहतर करें। खेती के साथ-साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मछली पालन से ही किसानों की आय बढ़ेगी। जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों की खेती सभी के लिए लाभदायक है। किसानों ने समन्वित खेती के जो प्रयोग किए हैं उसकी सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। भ्रमण के समय संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह तथा अन्य मैदानी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। कमिश्नर ने सबसे पहले गांव अमवा में सेवानिवृत्त बैंककर्मी उदयबहादुर सिंह द्वारा स्थापित बकरी इकाई का निरीक्षण किया। इसमें आधुनिक शेड में 400 बकरियों का पालन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ 500 मुर्गियाँ भी पृथक शेड में पाली जा रही हैं। बकरी और मुर्गियों के लिए दाना तैयार करने की यूनिट और भूसा-चारा का भण्डार भी बनाया गया है। प्रगतिशील किसान श्री सिंह ने 12 एकड़ के क्षेत्र में कई प्रयोग किए हैं। बकरी पालन के साथ-साथ एक एकड़ के तालाब में मछली पालन भी किया जा रहा है। इसके साथ-साथ चार एकड़ क्षेत्र में अमरूद के पौधे लगाए गए हैं। इसके बाद कमिश्नर ने ग्राम बहुरीबांध में अरूण सिंह के खेत का निरीक्षण किया। सिंह ने बताया कि 8 पक्के टैंक तथा पानी को साफ करने की यूनिट 50 लाख रुपए की लागत से बनाई गई है। इससे 6 माह में प्रत्येक टैंक से 300 किलो मछली प्राप्त हो जाती हैं। मछली बीज संचयन के लिए कच्चा तालाब भी बनाया गया है। इसके साथ-साथ एक एकड़ में गर्मी की मूंग की खेती जैविक विधि से की गई है। परिसर में चार माह पहले 150 ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाए गए हैं। इससे तीन माह में फल प्राप्त होने लगेगा। यह बाजार में 150 रुपए किलो की दर से रीवा में ही बिक्री हो जाएगा। मछली पालन कच्चे तालाब के चारों ओर चंदन के 70 पौधे तथा ताइवान किस्म के पपीते भी लगाए गए हैं। इनसे भी अतिरिक्त आय होगी। इसके बाद कमिश्नर ने ग्राम कंजी में विन्ध्यांचल सीड प्रोडक्शन किसान संघ के कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित किसान संघ के कृष्णधर द्विवेदी शास्त्री तथा संचालक सर्वेश सिंह ने बताया कि किसान संघ 2017 से किसानों से अनाज खरीदकर उसकी ग्रेडिंग करके प्रमाणित गुणवत्तापूर्ण बीज के रूप में किसानों को उपलब्ध कराता है। नाबार्ड के सहयोग से 60 लाख रुपए की लागत से बीज ग्रेडिंग यूनिट और गोदाम का निर्माण किया जा रहा है। मिलेट मिशन से जुड़कर 1100 क्विंटल कोदौ किसानों से खरीदकर भण्डारित किया गया है। इस वर्ष किसानों को 2500 क्विंटल बीज उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। हमारी कंपनी का वार्षिक टर्न ओवर एक करोड़ 79 लाख रुपए है। किसान संघ द्वारा धान और गेंहू के बीज तैयार किए जा रहे हैं। किसान संघ से लगभग 5 हजार किसान जुड़े हुए हैं।

# आंधी तूफान से 11 हजार केव्ही लाइन की गिरने से चपेट में आए किसान सहित दो भैसों की मौत

**रीवा।** जिले के जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चदेह गांव आंधी तूफान में 11 हजार केव्ही बिजली की लाइन पोल टूटने से नीचे गिरने से एक किसान सहित दो भैस करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बता दे जवा तहसील अंतर्गत ग्राम चदेह में करंट की चपेट में आने से 59 वर्षीय किसान गोपीकृष्ण मिश्रा की मौत हो गई साथ ही उनकी दो भैंसे भी चपेट में आ गई जिनकी भी मौके पर मौत हो गई, घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिन आंधी तूफान से कई पेड़ सहित बिजली के पोल और लाइन टूट गई थी, चदेह गांव के पास से गुजर रही 11,000 केवी वोल्ट की विद्युत लाइन टूट कर जमीन पर गिर गई थी। किसान गोपी कृष्ण मिश्रा अपनी भैंसों को चराने ले जा रहे थे जो गिरे हुए तार की चपेट में आ गए जिसमे करंट दौड़ रहा था। घटना में किसान सहित दो भैसों की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि यदि बिजली विभाग के जिम्मेदार समय रहते पावर सप्लाई बंद कर दिए होते तो यह हादसा नही होता। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लंबे समय से मरम्मत कार्य न कराने एवं मरम्मत कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। मृतक खेती के साथ डेयरी व्यवसाय कर अपना जीवन यापन करते थे अब उनके मृत्यु के बाद घर वालो के सामने परिवार के भरण पोषण की समस्या आ गई है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मृतक के आश्रितों को 10 लाख का मुआवजा दिए जाने की मांग की है, साथ ही दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग भी उठाई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी, तूफान से उखड़े पेड़, कच्चे घरों सहित छतों को नुकसान



**रीवा ।** बीते दो दिन से बिगड़े मौसम के मिजाज ने मंगलवार को जिले के एक दर्जन से ज्यादा गांव में भारी तबाही मचाई है। शाम तकरीबन 7 बजे तेज आंधी, बारिश एवं ओले से ग्रामीण लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया गया है कि आंधी इतनी तेज थी कि घरों के टीन-टप्पर उड़ गए एवं कई पेड़ टूटकर मकानों में गिर गए एवं कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। बताया गया है कि बड़े आकार के ओले गिरने से खपरैल घरों को काफी नुकसान हुआ है,मिली जानकारी में बताया गया है कि जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत खीरा, महसुआ, पतौना, पड़रा, रायपुर, पटना में आधा घंटे तक हुई बारिश एवं आंधी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बॉक्स आंधी आते ही विद्युत सेवाएं हुई ठपग्रामीणों के अनुसार रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र की ग्राम पंचायत खीरा के पतौना, महसुआ पंचायत, रौरा पंचायत, पड़ा, लोहरवार सहित समीपस्थ क्षेत्रों में तीव्र गति से आंधी चली। जिसमें कई पेड़, मकान, छत सहित बिजली के तार, खंभे आदि क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं आंधी के दौरान हुई बारिश के साथ बड़ी मात्रा में ओलावृष्टि भी हुई। करीब आधे घंटे बाद आंधी, तुफान थमने के बाद लोगों ने देखा तो पेड़ गिरने से किसी के मकान की दीवार, किसी के मकान की छत्त क्षतिग्रस्त हो गई। आंधी चलते ही क्षेत्र की विद्युत सेवाएं भी ठप हो गई, जिससे अंधेरे के कारण लोगों को हुई नुकसानी का आंकलन नहीं हो पाया। बॉक्स आम को हुआ भारी नुकसान आंधी एवं पानी से आम के फलों को काफी नुकसान हुआ है। बताया गया है कि आधे घंटे तक चली तेज आंधी से जहां कई पेड़ उखड़ गए हैं, वहीं आम के फलों को भी काफी नुकसान हुआ है। बताया गया है कि इस कां काफी मात्रा में आम में फल आए थे, जो तेज आंधी से पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।

## ऑपरेशन सिन्दूर शौर्य गाथा जश्न-ए-तिरंगा का आयोजन आज




**रीवा।** आपरेशन सिन्दूर में शामिल सेनाओं के जाबॉज रणबॉकुरों द्वारा जिस तरह आतंक के अड्डो का सफाया कर आतंकवादियों को सबक सिखाया गया उस पर हर भारतीय को गर्व है। सेना की शौर्य गाथा को सुनाने आज 22 मई को शहीद हेमू कलाणी चौक पर हिन्दू धर्म परिषद और रिदमम्यूजिकल ग्रुप द्वारा शाम 06:00 बजे से आयोजित जश्न-ए-तिरंगा के भव्य आयोजन का साक्षी समूचा शहर बनेगा जिसमें नगर के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत-नृत्य के माध्यम से अपनी खुशी का प्रदर्शन किया जायेगा। सेना को धन्यवाद ज्ञापित करने नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की है। आयोजन प्रभारी हिन्दू धर्मपरिषद युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और रिदम परिवार के अध्यक्ष डॉ0 विनोद तिवारी के साथ उनके सभी सहयोगी उपस्थित होकर नाचेगे-झूमेगे-गायेगे और अपनी बधाई प्रेषित करेगे। धर्म परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी ने बताया कि परिषद की तीनो शाखाओं के पदाधिकारियों वरिष्ठ अध्यक्ष प्रवीर चंद दुबे, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, युवा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन द्वारा इस राष्ट्रीय आयोजन में पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है तैय्यारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। आयोजन में संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, संरक्षक सदस्य डॉ0 सी.बी. शुक्ला, डॉ0 के0के0 परौहा, डॉ0 ज्योति सिंह, डॉ0 राहुल मिश्रा, डी0पी0सिंह परिहार, अवधेश श्रीवास्तव, अविराज, शिव कुशवाहा, पप्पू कनौजिया, संजय तिवारी मुन्नू, बी.के.निर्मला, बी0के0प्रकाश, रामकृष्ण अग्रवाल, विजय मोहन तिवारी, डॉ0 विकास श्रीवास्तव, राजू सोनी, रामसखा यादव, सुनील अग्रवाल एड0 आदि के साथ रिदम परिवार के अवनीश शर्मा, पियूष मिश्रा, अनिल शुक्ला, श्याम गंगवानी, चंदा सिंह, डॉ0 रिचा सिंह ने आयोजन में भाग लेने सभी देश भक्त नागरिकों को समय से आने का आग्रह किया है।

# पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन एक जून तक

रीवा।

शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में पॉलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों का प्रवेश शुरू हो गया है। पॉलिटेक्नि कालेज में संचालित इलेक्ट्रॉनिक एण्ड कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटीनेंस, सिविल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थी एक जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में च्वाइस फिलिंग 5 जून तक की जा सकती है। इसकी कॉमन मेरिट सूची 6 जून को तैयार होकर उपलब्ध होगी। इसमें शामिल विद्यार्थियों के कालेज में प्रवेश के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन 10 जून से 15 जून के बीच किया जाएगा। पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश के संबंध में अन्य जानकारियाँ और निर्देश वेबसाइट डीटीई डॉट एमपी ऑनलाइन डॉट जीओभी डॉट इन पर उपलब्ध है। कार्यालयीन समय में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज से भी प्रवेश के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत आज आएंगे रीवा , तैयारियां तेज



**रीवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत 22 मई को रीवा पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन और संघ की ओर से जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। भागवत रीवा शहर के निराला नगर स्थित सरस्वती स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। संघ प्रमुख का यह दौरा दो दिनों का होगा, जहां वे संघ द्वारा आयोजित विशेष द्वितीय वर्ग में भाग लेंगे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। संघ कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस दौरान सरसंघचालक मार्गदर्शन देंगे और संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। रीवा जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के पहुंचने की संभावना है।

## कलेक्टर ने ड्रोन उड़ाने पर दिए प्रतिबंध के आदेश

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, मानव रहित हवाई प्रणाली, रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट प्रणाली तथा रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट उड़ाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन्हें उड़ाने पर प्रतिबंध की अवधि आगामी 24 मई 2025 तक रहेगी। यह आदेश पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर लोक हित तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि रीवा जिले में रह रहे प्रत्येक नागरिक को इस आदेश की व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है।

# बस की चेकिंग के दौरान यात्रियों ने किया हंगामा लगाया जाम

### सूचना मिलने पर पहुंचे कलेक्टर एसपी दिए सख्त निर्देश



**मऊगंज।** जिले के हनुमना बॉर्डर पर सुबह 6:00 बजे यूपी से आ रही बिना परमिट की बस क्रमांक यू पी 83 ए टी/7355 की चेकिंग के दौरान जहां चालक आरटीओ कर्मचारियों से उलझ गया और वाहन को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया देखते ही देखते लंबे जाम की स्थिति निर्मित हो गई बताया जाता है कि कई ऐसी सवारियां थी जो इलाज कराने जा रहे थे मरीज उनके साथ थे वहीं उसी समय मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल जो कोलकाता से लौट रहे थे संयोग से आ पहुंचे और सवारियों की पीड़ा को सुनकर वह स्वयं भी मानवीय संवेदना दिखाते हुए जहां आरटीओ स्टाफ को फटकार लगाई वहीं सूचना पाकर कलेक्टर संजय जैन एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी भी पहुंच गये यद्यपि आनन फानन में जाम को खुलवाकर सवारी गाड़ी को रवाना किया गया तथा विधायक कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आरटीआई सुमन दीक्षित को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दोबारा ऐसी गलती सुनने में ना आए ।

## कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अभद्रता किये जाने का आरोप पीड़ित परिवार ने बैकुंठपुर पुलिस के खिलाफ, आइजी से की शिकायत



**रीवा।** जिले पत्नी को भरण पोषण नहीं देने पर एक दिवस पहले कुर्की कार्रवाई के लिए पहुंची बैकुण्ठपुर पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए परिवार के लोगों ने आईजी से शिकायत की है। बता दें कि पुलिस तलाक के बाद न्यायालय से हुए कुर्की के आदेश पर महिला के ससुराल उसके दहेज के सामान कुर्क करने पहुंची थी, आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार ने बताया कि पुलिस देर रात कुर्की की कार्यवाही करने पहुंची और उल्टा पीड़ित परिवार पर अभद्रता करने वा कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाकर प्रकरण दर्ज कर दिया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने मंगलवार को आईजी कार्यालय पहुंचकर कुर्की कार्यवाही के दौरान अभद्रता करने सहित जबरन पुस्तैनी जेवरात ले जाने का आरोप लगाया है। बैकुठपुर निवासी उर्मिला गुप्ता ने बताया कि 18 मई की रात सिरमौर अनुविभाग के पुलिस अधिकारी 8 से 10 पुलिसकर्मियों के साथ कुर्की की कार्यवाही करने पहुंचे थे।महिला ने बताया कि पुलिस के साथ उनकी तलाकशुदा बहू व कुछ स्थानीय दबंग लोग भी थे। महिला का आरोप है कि कार्यवाही के दौरान दहेज का सामान ले जाने के साथ साथ जबरन आलमारी के लाकर में रखे पुस्तैनी गहने ले गए और उन्हें कुर्की के सामान की आधी अधूरी लिस्ट दी गई। इसके अलावा महिला नें पुलिस अधिकारी सहित मौजूद लोगों पर अभद्रता करने सहित धमकाने का भी आरोप लगाया है। वही पीड़ित महिला नें मंगलवार को रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। और पूरे प्रकरण पर उचित जांच करके न्याय की मांग की है।

## नशे से मुक्त होने के लिए उपचार की है निःशुल्क सुविधा

**रीवा ।** रीवा में नशे के आदी व्यक्तियों को नशे से मुक्त करने के लिए उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि निवेदिता कल्याण समिति रीवा द्वारा नशामुक्ति केन्द्र संचालित किया जा रहा है। यह केन्द्र निराला नगर में सरस्वती स्कूल के पास संचालित है। इसमें 15 व्यक्तियों के भर्ती होने की आवासीय सुविधा उपलब्ध है। नशे से पीड़ति व्यक्ति को आवास और भोजन के साथ-साथ दवाईयाँ एवं परामर्श निःशुल्क प्रदान किया जाता है। संस्था का संचालन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से प्राप्त अनुदान से किया जा रहा है। नशे से पीड़ति व्यक्ति को नशे से मुक्त कराने के लिए पूरा सहयोग दिया जा रहा है। संस्था में प्रवेश लेने के लिए इसके संचालक रमजान मोहम्मद से मोबाइल नम्बर 9981248756 पर संपर्क किया जा सकता है

# मऊगंज में साइबर अपराध से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

### साइबर जागरूकता ही बचाव-मोहित मिश्रा



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारी और नागरिको को साइबर सुरक्षा और उनसे जुड़ी सावधानियां के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने की इस अवसर पर मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने भी साइबर अपराधों से बचने के उपाय ऑनलाइन ठगी और सुरक्षा सोशल मीडिया का सतर्क उपयोग और साइबर हेल्पलाइन नंबर जैसी अहम जानकारियां साझा की। साइबर कार्यशाला में साइबर क्राइम एक्सपर्ट हाई कोर्ट जबलपुर के मोहित मिश्रा ने साइबर अपराध एवं उससे बचने के उपाय बताएं जिसमें आधुनिक समय में होने वाले दर्जनों साइबर अपराध के बारे में विस्तार से बताया एवं उससे बचने के उपाय भी बताया जिसमें से स्वैपिंग बायोमेट्रिक फ्रॉड एटीएम क्लोनिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाइस क्लोनिंग ब्लैकमेलिंग वीडियो सेक्टरोशन फर्जी वेबसाइट एवं फाइनेंशियल फ्रॉड तथा हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया और उससे बचने के उपाय बताएं।इस अवसर में एसडीएम मऊगंज एसडीएम हनुमना तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं अन्य विभागों के कर्मचारीगण आम नागरिक मौजूद रहे।



## मऊगंज सीएम राइज विद्यालय में आयोजित हुआ समर कैंप

**मऊगंज।** आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के निर्देशानुसार सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में समर कैंप का आयोजन 01 मई से प्रारंभ हुआ और 21 को समापन किया गया समर कैम्प में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की गई जिसकी झलक समापन समारोह में देखने को मिली जिसमे फाइन एवं आर्ट में बच्चों ने अपने हुनर का कमाल दिखाया पूरे बरामदे में बच्चों द्वारा तैयार विभिन्न मॉडल आकर्षक एवं जीवंत दिखाई दिया अस्पताल एवं बैंक की तीन मंजिला इमारत सबके ध्यान का केंद्र रहा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सोलर सिस्टम सौर्य मंडल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मॉडल सबसे अच्छा भारत देश हमारा मॉडल विभिन्न प्रकार की झूमर झलकियां दिखाई गई कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय पूर्व प्राचार्य रत्नेश्वर द्विवेदी शिवेंद्र पांडे आशुतोष द्विवेदी डीपी पांडे आर एस पटेल संतोष सिंह धनंजय त्रिपाठी दीनानाथ द्विवेदी समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।